आपको लिखित दूंगा और मैं चाहूंगा कि आप इस पर पूरी तरह से इसकी जांच करवायें।

उपसभाध्यक्ष (श्री सन्तोष कुमार साहू) : यह ब्रीच आफ प्रिविलेज नहीं है।

श्री सत्य प्रकाश मलिक : मैं इसको रिटन नोटिस दूंगा। मैंने गलती की कि मैंने बिना लिखित दिया।

उपसभाध्यक्ष (श्री सन्तोष कुमार साहू) : आपने जो बताया, सही है, जो इतना नुकसान हो रहा है, उसके लिए कदम उठाने चाहिएं। इसलिए हम एग्रीकल्चर मिनिस्टर को लिख देंगे, पर यह ब्रीच आफ प्रिविलेज नहीं है।

REFERENCE TO REPORTED DEFORESTATION OF CORBETT PARK AREA

SHRI PARVATHANENI UPENDRA (Andhra Pradesh): Yesterday, one of the leading newspapers published a very disturbing news which I would share with the House and bring to the notice of Government. About 50 Kilometres from this Corbett National Park, there is an area of about 72 bighas called the Land of Corbett with a bungalow where Jim Corbett lived during the early decades of the century. Unfortunately, during the last few years, in this area; deforestation is taking place very rapidly, seriously affecting the ecology of the area and also affecting National Park. After the death of Mr. Corbett in April 1955 in Kenya where he had migrated, his sister donated this area of 72 bighas to the people of Kaladungi for public welfare and the transaction was conducted by an attorney in Kenya through the Standard Bank of South Africa. Nairobi. This land, instead of passing to the public is now in the hands of a local landowner who, through money power; clinched the deal with the Government. He is using this land for his personal farming and is cutting down all trees at a great speed. It is said that a tree 50 or 60 years old fetches as much as Rs. 50,000. All the trees in this area are more than 100 years old. As a result, he is taking lot of benefit from this area due to the carelessness of the Government, in preserving the ecology of the area and saving the forests. This land is very near the National Park. I request that in the interest of the National Park and preservation of the ecology of the area, this deforestation should be stopped and the question how this ownership has passed on to a private landowner when it was donated for public purposes; should be investigated. This land should be acquired by the Government immediately in the interest of the National Park.

THE COAL MINES (CONSERVATION AND DEVELOPMENT) AMENDMENT BILL, 1984—contd.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH KUMAR SAHU): We shall now continue with the discussion of the Coal Mines (Conservation and Development) Amendment Bill, 1984. Shri Ramakrishnan.

SHRI R. RAMAKRISHNAN (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, it is a rather innocuous Bill. But such innocuous Bills also give us an opporunity to discuss not only the issues concerning the Bill. but also other issues which are very relevant and related to the subject. During Sessions of the Rajya Sabha, we do not get adequate time to discuss all important issues which are affecting the nation One such thing is coal. I am very happy that an opportunity has been afforded by this Bill. Anyway, my friend Mr. Vasant Sathe, need not be alarmed. I am not going to initiate any controversial discussion on either the coal policy of the Govern-

[Shri R Ramakrishnan]

ment or the sordid working of that sleeping giant called the Coal India. But first things first.

Thanks to the recommendation of the Committee on Subordinate Legislation of the Sixth Lok Sabha, which suggested that the power to recover the cost of operations or measures undertaken by the Government for the benefit of coal-mine-owners should flow from the Act itself, rather than from the rules, this amendment is being brought forward. This is a very correct recommendation and I welcome this amendment. As far as the Bill is concerned, in fact, there is nothing much because after the nationalisation of coal mines in 1973, Government itself is a receiver on the one hand and a giver on the other. Therefore, this is quite in order and I support it.

Now, Sir, as far as the larger question about the Coal India Limited is concerned, so much can be said, so much has been said and so much will continue to be said. But after nationalisation—Mr. Mohan Kumaramangalam, the late lamented Minister for Coal was the architect of this nationalisation—the coal industry has not covered itself with credit. There may be many reasons. One reason which has been adduced and which right from the Minister, everybody knows, is the presence of the coal mafia, which is there in Bihar. Neither the Central Government nor the State Government nor anybody can do anything about it. This is a powerful mafia which, I think, can be completely eradicated only if the Indian Army is deployed. Things can be set right only if such a drastic step is taken. According to the newspaper reports—I am sure, this is also within the knowledge of the hon. Minister—as such as Rs. 300 crores worth of coal is being illegally mined every year from the coal belt of Bihar and Bengal. This is a golden goose about which, unfortunately, nobody has been able to do anything. I am sure, a person, so knowledgeable, like Mr. Vasant Sathe would really apply his mind to see that the Central Government, in co-ordination with the State Government, takes strong measures to see that this coal mafia is put down.

THE MINISTER OF STEEL, MINES AND COAL (SHRI VASANT SATHE): How much did you say?

SHRI R. RAMAKRISHNAN: There are newspaper reports. Rs. 300 crores worth of coal; in terms of value. Even in the Coal Advisory Committee meeting, you have expressed your concern over it. I am very thankful to you that you have taken so much interest. But it is not your interest alone which will matter. You should take the Army into confidence, as well as the State Government, and postarity should say that it was during the time of Mr. Vasant Sathe that the coal mafia of Bihar was taught a lesson. I am sure, you will be able to do it. This is not to say that before nationalisation the coal-mine-owners were paragons of virtue or anything. Far from it. They were exploiting the workers and the labour like anything. They were not even paying the Government the royalties. The coal nationalisation has had its effect. But unfortunately, the figures do not speak for it. From 1973 to 1985, six times the coal price has been raised. From only Rs. 47.50 per tonne, it has gone up to Rs. 183 per tonne. Through this system of administered prices, you are yourself giving a cost-push effect to the already spiralling prices and any increase in the cost of coal will have multiplier effect on the other sectors of the economy.

But anyway there was a suggestion recently and I do not know what the Minister's reaction to it is. The suggestion is that there can again be some sort of private sector and public sector competition in this key industry. Even if the private sector is not allowed, I was given to understand that the Bihar Government had an idea of taking coal from some of the mines which was given up by the Coal India. I do not know what has happened to the suggestion, but I know it will better the working of the coal mines in terms of output. So, the suggestion is really welcome.

As far as targets are concerned, targets have never been achieved. The Minister knows this very well. 168 million tonnes were fixed as target and I do not think that we have even reached 145 million tonnes. Even in terms of your 7th Plan outlay where you have asked for Rs. 14400 crores, I do not know whether the Planning Commission is going to give you that much. I understand that they have cleared Rs. 1350 crores for 1985-86. But whatever it is , with the rich reserves that we have, we can definitely do a lot provided there is proper thinking and proper administration from the top to the bottom.

Sir, there is the problem of pit-head stocks. Mr. Gujral, the former Railway Board Chairman and then the Chairman of the Coal India, was having a running battle with the railways. Whenever he went, he used to say that the pit-head stock was so much, but the railway wagons were not available. When he came to Madras he said that there were pit-head stocks worth Rs. 600 crores, and even now your own Ministry says that the pit-head stocks at the end of the year are likely to be something like 25 million tonnes valued at Rs. 500 crores. Just think of the loss of interest on this. Even with the bank interest of 18 per cent, it will come to Rs. 90 crores. So, something has get to be done radically to clear the pit-head stocks. In reply to a question yesterday the hon. Minister has stated in this very House that frequent inter-Ministerial meetings between the Railways and the coal industry are taking place, but the proof of the pudding is in the eating and even Mr. Sathe's own dream of having 45 days pit-head stocks at every thermal station, I do not think, can ever come true. Of course, Mr. Gujral may have blamed the Railways, but now with a very dynamic Railway Minister, ably assisted by another young enthusiastic Railway Minister and with another equally energetic and efficient man like Mr. Sathe I think you should be able to sort out your problems with the railways. You should see that the wagon turnover is good and every thermal station has a stock of at least 45 days of coal. I will come to this later with particular reference to my own State of Tamil Nadu where the stock is awfully inadequate because of the distant place as well as it does not have any coal mines nearby. To that problem I will come a little later, but I would like to impress on the minister that he should do something. There is the stock of about 25 million tonnes. I hear that hardly about 10 million to 15 million tonnes can at any time be removed and the balance will remain in your books as ,statistics it cannot be removed from the pit-heads. This is what I understand and you may enlighten the House about this.

Coming to Coal India, at one time its best performance was making a profit of about Rs. 26 crores, but last year it made a staggering loss of Rs. 280 crores. Of course, Rs 380 crores were provided as depreciation and all that, but still this is too staggering a figure and if constantly the Members

[Shri R. Ramakrishnan]

of Parliament and members of the public use the public sector undertaking as a whipping boy, I think Coal India is one example where huge losses are incurred, which offsets the huge profits made by Oil India and other people. So, it is very essential that you should put some amount of discipline and administration. Here I must congratulate Mr. Sathe and the Cabinet for selecting Mr. G. L. Tandon who did very good work in the Neyveli Lignite Corporation. During his regime as chairman of NLC he did tremendous job and I am sure he will bring to bear his wide administrative experience and set right this Coal India.

Sir, I would not like to say very much more because of the constraints of time.

I will now come to my own State of Tamil Nadu which, unfortunately, is having 70 per cent of its power generation dependent on thermal stations and only 30 per cent is hydro and other power. Sir, this is a geographical and historical thing and nothing can be done about it. But I would only like to say that there should be adequate supply of coal to our thermal power stations at Tuticorin, Ennore, Mettur and other places. Here I would like to make a very important point. For cement and steel, there is a freight equalisation reserve which is not there for coal, particularly if it is to be transported for the Tuticorin plant which is now linked with coalfields in Talcher and other places in Paradip etc. We have to get it by sea. For this we had requested the Government of India to give permission for buying three ships by our Government. They gave permission for one ship and the request for two is pending, which I hope will follow. We also requested that there should be some kind of credit given because the rail-cum-sea freight to Tuticorin works out to as much as Rs. 385 per tonne and goes as high as Rs. 600 per tonne, whereas the rail freight will only come to Rs. 200 per tonne. Because of the problem with the railways and other things, today there may of course be one month's or three weeks' stock, but many times there has been a criticial situation when only one day's or two days' stock is left. Therefore, for the thermal stations which are far away from the coalfields, you should pay adequate attention. Here, again, as I mentioned yesterday, because of some arithmetical jugglery, which perforce the Minister has to do, because one of the units of Ramagundam thermal station came on stream ahead of schedule, so they wanted to provide some coal linkage for that. Sir, Tamil Nadu's Ennore thermal station is linked for 120,000 tonnes to Singareni. You have taken away 40,000 tonnes and from Thachali or some place which the Minister knows better you have taken away 40,000 tonnes and given the linkage to Ramagundam, with the result that Ennore is now linked to Talcher and again the problem of rail-cum-sea freight comes in. This is a sort of running battle which is going on. I fully appreciate the difficulties of the Minister, but at least for far away places like Tamil Nadu, it is essential that you should give coal, first and secondly, the linkage should be to the nearer coalfields.

Secondly, Sir, there is a lot of talk about the quality of coal. Neither Mr. Sathe, nor anybody, as he said yesterday, can do anything about the quality of Indian coal. Our coal is having a high ash content. These are all problem, about which you cannot do anything. But then in the matter of coal handling you can do something. Our people in Tamil Nadu Electricity Board are engaging labour which is removing abut 1000 tonnes of stones and shales from the coal supplies which you are making. This has been brought to the notice of Coal India and the Ministry. You have sent your inspection team and

you are quite satisfied with that. I would very much request you to see that something is done at the despatch stage to see that stones and shales are not there.

Finally, before I conclude, I would only like to say that the Government of India permitted us to import 1 lakh tonnes of coal from Australia as one-time measure. Our demand was there for importing 5 lakh tonnes. The Australian coal is very good. In terms of foreign exchange, I may tell the Minister to tell his colleague in the Finance Ministry that there will be no big foreign exchange outflow even if we import this coal because so much of furnace oil which is being burnt will be saved. Taking all these into consideration, I would make an earnest appeal through you, Sir, to the Minister and to the Government of India to allow us to import another 4 lakh tonnes of coal from Australia to save the situation. Today, Sir, power is a very important constraint in the development of the country and I would only say that if more attention is paid on the power front, then our country will definitely develop on the right lines and go forward into the 21st century. Thank you.

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, जो सरकार यह बिल लाई है मैं उसका समर्थन करता हूं । सर्वप्रथम मैं ऊर्जा मंत्री साठे जी को धन्यवाद देता हूं जिनके कुशल नेतृत्व में इस वर्ष कोयले का रिकार्ड उत्पादन हुआ है । पिछले वर्ष कोयले का उत्पादन 138 मिलियन टन था जो इस साल 147 मिलियन टन हो गया । आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने ऊर्जा मंत्री साठे जी को फिर धन्यवाद देना चाहूंगा क्योंकि कोयला जगत में इधर काफी सुधार हुआ है । यही कारण है कि उत्तर भारत में जो बिजली का संकट उत्पन्न हो गया था—मै उत्तर प्रदेश मे आया हूं—उसमें काफी सुधार हुआ है । इस वर्ष थर्मल पावर स्टेशन ने ठीक ढंग से काम किया है । अप्रैल, मई, जून के महीनों में जो उत्तर प्रदेश में प्रति वर्ष संकट हुआ करता था उसमे पहले की अपेक्षा काफी सुधार हुआ है । मैं यह नही कहता कि एक दिन में कोई चीज बदल जायेगी । आज के माडर्न इकानामी में कोल सेक्टर, का बड़ा महत्व है और आप जैसा समाजवादी विचारधारा का व्यक्ति जो कोल मिनिस्टर है उसकी जिम्मेदारियां बहुत ज्यादा है । आयल सेक्टर, कोल सेक्टर पावर सेक्टर आज की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और हिन्दुस्तान जैसे विकासशील देश में जिसमे एग्रीकल्चरल सेक्टर और इंडस्ट्रियल सेक्टर का भी विकास होना है, इसके विकास के बिना मुल्क की अर्थव्यवस्था को मजबूत नहीं बनाया जा सकता । इस सब में कोयले का बहुत महत्व है ।

आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, बिजली का उत्पादन पानी से होता है और एटमिक इनर्जी और कोल इनर्जी से, मगर हमारे देश में जो सबसे सस्ता बिजली का उत्पादन है वह कोयले के माध्यम से होता है । तो जितना ही कोल जगत मे इम्प्रूवमेंट होगा उतनी ही ज्यादा हमारी आर्थिक व्यवस्था सुधरेगी ।

अब मैं कुछ दर्दनाक बातें बताना चाहूंगा बिहार मे धनबाद, रानीगज, रांची और उत्तर प्रदेश मे मिर्जापुर आदि के बारे मे जहा कोयले का उत्पादन हो रहा है । आपके वहा जाने से स्थिति में काफी सुधार हो सकता है क्योकि जैसा किसी विभाग का मंत्री होगा उसी के अनुकूल उसके अफसर और कर्मचारी भी आचरण करेंगे । धनबाद में 300 हत्याएं हुई है । इसकी जिम्मेदारी किसकी है ? आपको बिहार के चीफ मिनिस्टर से पटना मे मुस्तैदी से बात करनी चाहिये । जब जनता पार्टी हुकूमत में थी तो जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं का संरक्षण माफिया गेंग को था और आज अगर माफिया गेंग आपरेट कर रहा है तो हमारे दल या हमारे प्रदेश के नेताओं का संरक्षण उनको प्राप्त है ।

श्री अश्विनी कुमार (बिहार) : केन्द्र का भी ।

श्री कल्पनाथ राय : केन्द्र का कहीं इनवाल्वमेंट नहीं है। आपकी पार्टी की तो यूनियन वहां काम करती है ।

श्री अश्विनी कुमार : इसीलिए तो सब जानते हैं ।

श्री कल्पनाथ राय : जितनी ज्यादा हत्यायें जनता सरकार के दौरान धनबाद में हुई उसका इतिहास में कोई मुकाबला नहीं है तीन वर्षों में 77 से 80 के बीच और उसको संरक्षण था उनके बड़े-बड़े नेताओं का। 24 घंटे के अन्दर ये गुंडे और कातिल नहीं टिक सकते इन इलाकों में। एक मामूली जिले की पुलिस इन्हें कन्ट्रोल कर सकती है, लेकिन जब प्रशासन के पीछे राजनीतिक सत्ता में बैठे हुए लोग संरक्षण प्रदान करेंगे तो उनको कौन रोक सकता है लूटपाट करने से और आतंक मचाने से। तो मैं आदरणीय साठे जी से चाहूंगा कि वे इन प्रदेशों में इस तरह की कार्यवाहियों का मजबूती से मुकाबला करें जिससे वे मुल्क की अर्थव्यवस्था को ठीक कर सकें। वे चीफ मिनिस्टर से कहें कि अगर वे स्थिति को ठीक नहीं करेंगे तो मैं ये बातें प्राइम मिनिस्टर के नोटिस में लाऊंगा। आप जैसा व्यक्ति मजबूती से कदम उठायेगा तो उसका परिणाम अच्छा होगा। जब से आपने ऊर्जा मंत्रालय को संभाला है सबसे कम हत्यायें हुई पिछले सालों के मुकाबले। विरोधी दल के नेता मौजूद हैं, सब जानते हैं कि सबसे कम अपराध इस समय हुआ है, लेकिन आदरणीय साठे जी मैं आप से निवेदन करना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की एक बार यात्रा करें। जहां विंध्याचल, ओवरा और अनपुरा के थर्मल पावर स्टेशन्स का कंस्ट्रक्शन हो रहा है। 400 करोड़ का ओवरा, 400 करोड़ का अनपुरा और 400 करोड़ का विंध्याचल का, यानी 1200 करोड़ के थर्मल पावर स्टेशन्स का निर्माण मिर्जापुर जिले में उत्तर प्रदेश में हो रहा है। वहीं पास में कोयले का अपार भंडार है और वहां पर धीरे-धीरे यह माफिया गैंग जाना शुरू हो गया है और अगर वहां इस समय प्रशासन को चुस्त कर दिया जाय तो बिजली के उत्पादन में बड़ी भारी मदद मिलेगी। मैं अभी वहां गया था, शक्ति नगर, विंध्याचल के पास और वहां कम्युनिस्ट पार्टी के लोग अपनी यूनियन बना रहे हैं और वहां धीरे-धीरे अफसरों को धमकाने और डराने का काम करने वाले अपनी यूनियन बना रहे हैं। और अगर वहां आप पहुंच कर स्थिति का अध्ययन करेंगे और वहां के आफिशियल्स का मारेल ऊंचा कर दें, अगर वहां पर काम करने वालों का मारेल ऊंचा हो जाय और अगर आप वहां विभिन्न दलों को बुला कर एक गोल मेज कांफरेंस कर लें कि यह तो देश के उत्पादन बढ़ाने का मामला है, राष्ट्र की स्थिति को मजबूत करने का काम है तो मैं समझता हूं कि वहां की स्थिति में सुधार हो सकता है। मैं साठे जी से निवेदन करूंगा कि वे जरूर इन जगहों में जा कर देखें, मिर्जापुर में, रानीगंज में, झरिया में, रांची में और वहां ऐसे अपने कार्यक्रम चलायें। आप समाजवादी विचारधारा के व्यक्ति हैं। जो समाजवाद का नाम रटते हैं और जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं उन की शक्ल वहां आप को देखने में आयेंगी कि उन का रोल क्या है। कोयला प्रोडक्शन में उन का क्या रोल है और मुल्क की ऊर्जा शक्ति के निर्माण में वह कितना कांट्रिब्यूट कर रहे हैं। तो जब वस्तु स्थिति की जानकारी आप को होगी तभी आप उन से कह सकते हैं। जो उन के आल इंडिया लीडर्स जो उन को आप कह सकते हैं कि एक तरफ तो आप समाजवाद की बात करते हैं और दूसरी तरफ कोयला प्रोडक्शन के रास्ते में रोड़ा अड़काते हैं और मजदूरों को गुमराह करते हैं। बम फिकवाते हैं। तो यह चीजें ठीक नहीं ।

अंतिम निवेदन जो मुझे साठे जी से करना है वह यह कि इस कोयले के

उत्पादन में जो मजदूर लगे हुए हैं अगर उनकी वर्किंग कंडीशन्स अच्छी होंगी तो वे ज्यादा से ज्यादा काम करेंगे । एफीशियेंसी उन में आयेगी । आज कोयला खदानों में काम करने वाले मजदूरों के बच्चे को पढ़ने के लिये स्कूल नहीं है, उन के लिये मेडिकल फैसिलिटीज नहीं हैं। जो वे तनख्वाह पाते है वे उस को अपने ऊपर अच्छी तरह से खर्च नहीं कर सकते हैं। आज कोयला मजदूर जो काम करते हैं कोयला खदानों में उन के ऊपर जितना ही ज्यादा ध्यान दिया जायेगा उतनी ही उन की एफीशियेंसी बढ़ेगी और जब उन में एफीशियेंसी बढ़ेगी तो कोयले का उत्पादन बढ़ेगा और जब उत्पादन बढ़ेगा तो हमारे थर्मल पावर स्टेशन्स का प्रोडक्शन भी बढ़ेगा। मानवीय ऊर्जा मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि कोल मिनिस्ट्री में और रेलवे मिनिस्ट्री में वीकली या फार्टनाइटली आफिशियल्स की मीटिंग होनी चाहिए क्योंकि वैगन्स के माध्यम से कोयला आयेगा जनता के कंजप्शन के लिये तो वह सस्ता पड़ता है । आज स्थिति यह हो गई है कि प्राइवेट कंट्रेक्टर्स इन बड़ी-बड़ी कोयला खदानों में अपनी गुंडागर्दी के बल पर, अपनी ताकत के बल पर या मसल पावर के बल पर या अपने राजनीतिक प्रभाव के बल पर कोयला ढोने का सारा काम प्राइवेट कंट्रेक्टर्स से कराते हैं और आधा कोयला रास्ते में बेच देते हैं । सौ ट्रक कोयला चलता है तो 50 ट्रक ही दिखाया जाता है और उस में से भी 25 ट्रक रास्ते में गायब हो जाता है । मोगलसराय, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच में एक स्थान है जहां देश में सबसे ज्यादा कोयले की चोरी होती है । यह उत्तर प्रदेश और बिहार के बार्डर पर रेलवे का सबसे बड़ा स्टेशन है । मोगलसराय इस का अड्डा है और लगातार कोयले का दाम बढ़ने के कारण स्थिति यह हो गयी है कि जो भट्टे चलते हैं जहां ईंट बनती है उस का दाम बहुत हो गया है । जो देश के छोटे-छोटे लोग अपने घर बनाते हैं उनके लिये आज 400 रुपये हजार ईंट का दाम

4 P.M. है । पिछले साल तीन सौ रुपये हजार थी और 1975 में जब मैं संसद् सदस्य बना तो 50 रुपये हजार ईंटों का दाम था । सरकार ने छोटे मकान बनाने के लिये तीन तीन हजार रुपये में आई० आर० डी० पी० स्कीम को चालू किया है जिसके अंतर्गत गरीबों को तीन हजार रुपये में मकान दें, लेकिन तीन हजार रुपये में कैसे दे पायेंगे ? इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत लैंडलैस लोगों को मकान दिये जायें, इस दृष्टि से मैंने इनवैस्टमेंट हमने किया है जिसके माध्यम से हम इतना काम करना चाहते हैं, लेकिन वह सारी स्कीम फ्लाप हो गई है । इसलिये ऊर्जा मंत्री और रेल मंत्री से मेरा निवेदन है कि उनके मंत्रालयों में कोआर्डिनेशन होना बहुत जरूरी है । कोयला ढोने का काम जो है वह रेलवे के माध्यम से होना चाहिये । आदरणीय बंसीलाल जी यहां मौजूद है। जो कोयला वैगन के माध्यम से आयेगा वह सस्ता मिलेगा बनिस्पत ट्रक से ढोने पर क्योंकि ट्रक से ढोने पर उनके दाम चार पांच गुना अधिक हो जाते है। इसलिये मैं आदरणीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि हिन्दुस्तान में 1980 तक 30 हजार मैगावाट बिजली का उत्पादन होता था। चौथी पंचवर्षीय योजना में 15 हजार मैगावाट बिजली का उत्पादन हमने बढ़ाया और अब 45 हजार मैगावाट हो रहा है ; सातवीं पंचवर्षीय योजना में हमने हिन्दुस्तान की मांग को मद्देनजर रखते हुऐ बिजली का उत्पादन 30 हजार मैगावाट बढ़ाना है तो लगातार बिजली का उत्पादन ज्यादा से ज्यादा बढ़ाना है क्योंकि जितनी बिजली आज पैदा हो रही है उससे दुगनी मांग है । तो हमें अपनी नीड्स को पूरा करने के लिये बिजली का उत्पादन बढ़ाना पड़ेगा और बिजली उत्पादन का जो सबसे सस्ता तरीका है वह थरमल पावर स्टेशन है। यदि हाइड्रों से बिजली पैदा करना चाहे तो जैसे टहरी डैम है, थीन डैम है उन पर 1200 करोड़ रुपया खर्च होने का अनुमान है और उनको बनाने में 10 वर्ष लग जायेंगे । हाइड्रों पावर स्टेशन बनानें में पैसा बहुत खर्च होता है और बिना वर्ल्ड बैंक की सहायता के हम उन्हें नहीं बना सकते हैं । एटामिक पावर स्टेशन के लिये भी बहुत पैसे की जरूरत होती है तो कोयले के माध्यम से बिजली बनाने में कम से कम खर्च होगा

[श्री कल्पनाथ राय]

श्रीमन्, मिर्जापुर में कोयले का पर्याप्त भडार है । इसलिए श्रीमती इंदरा गांधी ने 1980 में जब वह दुबारा सत्ता में आई तो उन्होंने चार थरमल पावर स्टेशनों की स्थापना की जिन पर 1200 करोड़ रुपया खर्च हुआ । वहां पर कोयले का इतना भंडार है कि अगर उसका पूरा इस्तेमाल किया जाए तो उससे जितनी बिजली का उत्पादन होगा उससे पूरे उत्तर प्रदेश की बिजली का समस्या हल हो जाएगी । तो थरमल पावर से हम बिजली के संकट को दूर कर सकते हैं । इसलिए हमें उसके लिए कोयले को उत्पादन में आमूल सुधार करना चाहिए । मैं बधाई देता हूं कोयला मंत्री जी को कि पिछले 8 महीने के अन्दर 147 मिलियन टन कोयले का उत्पादन हुआ है और बिजली की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और कोयले के भडार में काफी कमी आई है मिर्जापुर में। मेरा इतना ही कहना है कि आप ऐडमिनिस्ट्रेटिव मल्टी प्रॉग्ड तरीके से सुधार करेंगे तो ज्यादा सुधार होगा । जितना ही कोयला सेक्टर में सुधार होगा उतनी ही हमारी राष्ट्रीय इकनामी में मजबूती मिलेगी, उतनी ही ज्यादा हम कोयले की स्थिति में सुधार कर सकेंगे । सबसे ज्यादा जरुरी बात यह है कि बिजली के लिए जैसा आपने कहा, बिजली स्टेशन पर एक या दो महीने के लिए ऐडवांस में कोयला जमा रहना चाहिए ।

आदरणीय ऊर्जा मंत्री जी, जब ऐडवांस में कोयला जमा रहेगा तो लगातार बिजली के स्टेशन चलते रहेंगे और बिजली पैदा होती रहेगी । इसके लिए रेलवे मिनिस्ट्री और इनर्जी मिनिस्ट्री में कोआर्डिनेशन होना चाहिए । इसी के अभाव में यह संकट है । आज जितने वैगन चाहिए उतने वैगन उपलब्ध नहीं हैं । रेलवे मंत्रालय का कहना है कि इतने वैगन हमारे पास नहीं हैं । तो जब आप देश को एक नई अर्थ व्यवस्था देकर देश का विकास करना चाहते हैं तो आपको वैगनों की व्यवस्था भी करनी पड़ेगी ।

एक वैगन के निर्माण के लिये रेल मिनिस्ट्री को वैगन के कारखाने बनाने पड़ें तो उसे बनाने चाहियें । इसलिये ऊर्जा मंत्रालय और रेल मंत्रालय का कोआर्डिनेशन देश के लिये आने वाली इकोनोमी के हित में अत्यावश्यक है । रेल मंत्री जी को दो-तीन सुझाव देकर मैं अपनी बात खत्म करूंगा । प्राइवेट सेक्टर में, जो प्राइवेट कांट्रेक्ट सिस्टम है, मैं निवेदन करना चाहूंगा कि इसको खत्म करना चाहिये । सरकारी माध्यम से यह कांट्रेक्ट किया जाये । जो माफिया गैंग है उसे खत्म किया जाए । दूसरी बात यह है कि जिस तरह से रेल में सेक्योरिटी अथोरिटी बन हुई है उस तरह से कोल सेक्योरिटी अथोरिटी बननी चाहिये । इससे क्या होगा कि जो गैंगेस्टर्स हैं जो उसमें एनार्की पैदा करते हैं वह नहीं कर सकेंगे । यहां धनबाद में इंजीनियर को मौत के घाट उतार दिया गया । उससे कहा गया कि इस पर लिखे कि चार लाख की पेमेंट पाई, चार लाख का समान ढोया । उसने कहा यह कैसे लिख सकता जब कि मैंने ऐसा नहीं किया तो उसको गोली मार दी गई और वह मर गया । जब एक इंजीनियर को गोली लगी तो बाकी के इंजीनियर फर्जी बिल बना कर देने लगे । जो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि के कोयला खादानों में काम करते हैं उनकी लाइफ की सिक्योरिटी के लिये यह आवश्यक है कि कोल सिक्योरिटी अथोरिटी बनाई जाये । इंडीपेंडेंट सिस्टम इसका होना चाहिये । कोल क्षेत्र में काम करने वाले अफसरों और मजदूरों की जान-माल की रक्षा की जाए ।

आप जानते हैं कि देश के लिये स्टील का कितना महत्व है । आज 140 मिलियन टन स्टील रूस पैदा कर रहा है । 150 मिलियन टन स्टील अमेरिका पैदा कर रहा है, 120 मिलियन टन स्टील जापान पैदा कर रहा है और हिन्दुस्तान केवल 10 मिलियन टन पैदा कर रहा है । 70 करोड़ की जिसकी आबादी हो वह देश केवल 10 मिलियन टन स्टील पैदा करे यह अजीब बात है जबकि पांच करोड़ का जापान 120 मिलियन टन स्टील पैदा कर रहा है । हमें इस दुनियां में अपने राष्ट्र को एक

शक्तिशाली राष्ट्र बनाना है, इसकी अखण्डता और सार्वभौमिकता की रक्षा करनी है तो केवल भाषण देने से एकता और सार्वभौमिकता की रक्षा नहीं हो सकती । यह तब तक नहीं हो सकती जब तक हम अपने बिजली, आइरन और स्टील क्षेत्र को मजबूत नहीं करेंगे । यह तब तक नहीं हो सकती जब तक कि हम आधुनिक अर्थव्यवस्था का निर्माण नहीं करेंगे । हमारे डायनामिक समाजवादी विचारधारा के मंत्री साठे जी के नेतृत्व में कोल सेक्टर को मजबूत बना कर श्रीमती इन्दिरा गांधी, जो विश्व की महान नेता थी, का जो सपना था शक्तिशाली देश बनाने का, वह पूरा कर सकेंगे और अपने राष्ट्र की आजादी और अखण्डता को बचा सकेंगे । इन शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं । धन्यवाद ।

श्री अश्विनी कुमार : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जो कोल मंत्री एक बिल लाये हैं एक संवैधानिक कार्य को पूर्ति कर रहे हैं । आज यह लेवी किस पर लगायेंगे, कोल के मालिक ये हैं, निकालने वाले यह हैं, गवर्नमेंट ट्रांजैक्शन इनके पास है तो यह एक संवैधानिक सुविधा का प्रश्न है इसलिये मैं कोई महत्व नहीं देता । कहना चाहिये कि आप कानूनी पूर्ति कर रहे हैं । लेकिन जिस कन्वर्जन आफ कोल की चर्चा हो रही है तो मैं कहना चाहता हूं कि जितना कन्वर्जन होना चाहिए उसमें बहुत बड़ी न्यूनता है, कमी है । रानीगंज और झरिया में वर्षा से आग लगी हुई है । जब यह प्राइवेट सेक्टर के पास था तब से आग लगी हुई है । आज भी यदि हम यह कह कर छुटटी पाना चाहें क्योंकि प्राईवेट सेक्टर ने किया था इसलिए उनका दोष है हम निर्दोष हैं । मैं कहूंगा कि अपने आप को धोखा देना है । दुनिया को दिखावा देना है, वास्तविकता से भागना है किसी खूंटी पर अपने कपड़े टांग कर बचाने की कोशिश करना है। 10–15 साल से कोल का शासन आपके हाथ में है । जो काम आपके करने के हैं उनको करने की दृष्टि से जो आप को कदम उठाने थे, मैं नहीं कह रहा हूं कि आप कदम नहीं उठा रहे हैं, लेकिन अभी तक समस्या का निदान नहीं हुआ है ।

मेरा इतना ही आग्रह है कि वह अमूल्य कोयला है, वैस्ट क्वालिटी का कोयला है । सरकार को इस संबंध में शीघ्रातिशीघ्र कदम उठाने चाहिये ताकि उस कोयले को बचाया जा सके । अभी स्थिति यह है कि हजारों टन कोयला रोज जल रहा है । हम कोयले के लिये आस्ट्रेलिया और अमरीका के पास जाते हैं, लेकिन घर में जो कोयला जल रहा है उसकी तरफ ध्यान नहीं देते हैं ।

जहां तक कंजर्वेशन की बात है , हमारे देश में प्लानिंग तो बहुत होती है, कागजों पर बहुत काम होता है, लेकिन वास्तव में जो काम होना चाहिये वह नहीं होता है । यह आपका भी अनुभव है और हमारा भी यही अनुभव है । सेंड की सप्लाई में, कोयले की सप्लाई में, क्या होता है, यह किसी से छिपा नहीं हुआ है । अभी श्री कल्पनाथ राय जी ने माफिया की बात कही । उन्होंने कहा कि वहां पर माफिया काम कर रहा है । यह बात सही नहीं है कि हम लोग सिर्फ यहां पर दोषारोपण ही करते हैं । आज स्थिति यह है कि उसी क्षेत्र के लेवर लीडर आज बिहार में मुख्य मंत्री के पद पर हैं । ये ट्रेड यूनियन लीडर रह चुके हैं । लेकिन पिछले छः महीने में वहां पर कोई प्रगति नहीं हुई है इसलिये यह सिर्फ दोषारोपण का प्रश्न नहीं है । यह भी कहा जाता है कि माफिया के साथ अफसरों की भी भागेदारी होती है । यह हो सकता है कि माफिया पहले अफसरों को डराता हो । लेकिन अगर अफसर ईमानदार हों तो कोई कुछ नहीं कर सकता है । लेकिन दोनों की मिलिभगत इस में दिखाई देती है । मैं यह कहना चाहता हूं कि जो अफसर वहां पर कार्यरत रहते है, अगर वे ईमानदारी से काम करते है तो उनको इन्सेन्टिव दिया जाना चाहिये । अगर कोई अफसर बहुत ईमानदारी से काम करेगा तो उससे लेबर भी नाराज होगा और लेबर लीडर भी नाराज होगा । इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि जो अफसर अच्छा काम करते हैं, अगर उनको आप फाइनेंशियल इंसेंटिव नहीं दें सकते हैं तो

[श्री अश्विनी कुमार]

कम से कम प्रशस्ती-पत्र या प्रशंसा पत्र तो दे सकते हैं । मंत्री महोदय ने जो पुस्तक लिखी है उसको मैंने पढ़ा है । उन्होंने लिखा है कि देश में कैसा प्रशासन होना चाहिये । हमारे देश में ऊर्जा के संबंध में, कोयले के संबंध में, स्टील के संबंध में, किस प्रकार का प्रशासन होना चाहिये । उस पर मंत्री जी को विचार करना चाहिये जिससे देश की प्रगति हो सके । यह ठीक है कि मजदूरों को काम करने के लिये प्रोत्साहन मिलना चाहिये उनका उद्योगों के काम में पार्टिसिपेशन होना चाहिये, लेकिन हमारे देश में इस दिशा में कितना काम हुआ है ? जहां तक भागीदारी का प्रश्न है, एक कोयला मजदूर दो सौ फुट तीन सौ फुट, यहां तक पांच हजार फुट तक नीचे जाते हैं और वहां से कोयला निकालते हैं । अपनी जान को खतरे में डालकर काम करते हैं । लेकिन हम उनके लिए पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं कर पायें हैं । वे ऐसे घरों में रहते हैं जिन को घर नहीं कहा जा सकता है । उन घरों को देखने से अच्छा नहीं लगता है । मजदूरों के घरों के सामने जो गन्दे पानी की झीलें होती हैं या गन्दे तालाब होते हैं उनका पानी वे पीते हैं । मजदूर को जब हम खान से निकलते हुए देखते हैं तो उसके सिर पर एक टोप होता है एक उसने निकर पहनी होती है और उसका चेहरा कोयले से काला रहता है । उनके लिये अभी तक हम ठीक व्यवस्था नहीं कर पाये हैं । धनबाद में मजदूरों के लिये जो होस्पिटल हैं, वह एक अच्छा होस्पिटल है । बिहार सरकार के अस्पतालों से अच्छा होस्पिटल है । लेकिन वहां खदानों में जो डिस्पैन्सरी है उसमें डाक्टर नहीं होता है और दवाइयों का तो यह हाल है कि कोई दवा वहां पर नहीं मिलती है । इस हद तक वहां पर भ्रष्टाचार है कि मजदूरों के परिवारों को कोई दवा नहीं मिलती है । दवा नहीं, पानी नहीं और रहने को मकान नहीं, इस प्रकार की स्थिति वहां पर है । मजदूरों को खाना भी ठीक प्रकार का नही मिलता है । इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है । इन सारे मजदूरों के साथ खिलवाड़ करने के लिये वहा पर जो शराब बनती है वह उनके जीवन को खत्म करती है । इसका कोल मंत्रालय से तो संबंध नहीं है, परन्तु मजदूरों से इसका संबंध है जो कि वहां कोयला निकालते हैं । इस लिये मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूंगा कि इस ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता है ।

कंजर्वेशन आफ कौल है लेकिन कंजर्वेशन के साथ बाकी कुछ और भी होना चाहिए । पिछले दो सालों से देश के अंदर कई डिपार्टमेंट बने है, इकालाजीकल डिपार्टमेंट, पॉल्यूशन डिपार्टमेन्ट । परन्तु माइंस के अन्दर अगर आप जायेंगे तो वहां एक विचित्र प्रकार की स्थिति है, गंदगी है, गड्ढे हैं, वहां पानी भरा हुआ है । वहां कोई सुविधा नहीं है । कई योजनायें कागज पर आई हैं, हम उनकी सफलता की कामना करते हैं । परन्तु मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ।

महोदय, एक पक्ष की तरफ मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान बिहार के माइंस के संबंध में आकर्षित करना चाहूंगा । अधिकांश कोयला हजारीबाग और रांची तथा कुछ धनबाद जिलों का सड़कों से जाता है । वहां रेलवे लाइन नहीं बनी है । मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि आप एक बार बिना सूचना दिये हुए इन सड़कों के ऊपर अपनी कार से चले जाएं । उन सड़कों की इतनी खराब हालत है जिसका कोई अंदाजा नहीं लग सकता है । इस बारे में मैं कई बार प्रश्न उठा चुका हूं तो कभी कहा जाता है कि वह पी० डब्ल्यू० डी० का मामला है, कभी कहते हैं कि कोल इंडिया का मामला है । मेरा स्पष्ट निवेदन है कि केन्द्र की सरकार और वहां जो सरकार है, दोनों सरकारें एक ही पार्टी की हैं, इसलिए दोनों को मिलकर इसका कोई न कोई तरीका निकालना चाहिए जितनी आप सड़कें बनायेंगे, मेरा खयाल है कि कोल इंडिया इससे दस गुना ज्यादा अपनी मशीनरी की टूट फूट में जो लगाता है उसको बचाकर कमा लेगा । इट इज ए फाइनेंशियल प्राफिट । सड़क

बनाने में शायद एक करोड़, दो करोड़ रुपये का खर्चा होगा । उस सड़क पर डम्पर चलते हैं, बुल डोजर चलते हैं, बड़ी-बड़ी मशीनें चलती हैं जो कि इतने ऊंचे नीचे खांचों पर चलते हैं जिससे वे टूट जाते हैं। आप कहीं भी चले जाइये आपको हर मील पर ट्रैक, डम्पर और ब्रेक डाउन मिलेंगे, इससे कितने ही करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है, देश को बहुत हानि हो रही है । सड़कें भी हमारी है कोयला भी हमारा है, इसलिये इस ओर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है ।

खासकर मैं इस बात की ओर ध्यान दिलाना चाहूंगा कि रामगढ़ से बोकारो की जो सड़क है, रामगढ़ से गोमिया की जो सड़क है, रामगढ़ से फुसरो की जो सड़क है, इनके बारे में बार-बार मैंने निवेदन किया है कि उनके ऊपर आप कुछ कीजिये लेकिन आज तक इसके बारे में कुछ नही हो सका है, इसका मुझे कष्ट है । मैं अपने कोयला मंत्री महोदय से आग्रह करूंगा कि इसकी ओर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि कोयला निकालने के सिलसिले में चारों तरफ के वातावरण में, यातायात में और वहां काम करने वालों के जीवन के अन्दर कुछ सुधार आये ।

दूसरी जिस बात की ओर मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं वह भी कजर्वेशन से संबंधित है । बहुत सी खदानें ऐसी हैं जिन में थोड़ा बहुत काम करके उनको छोड़ दिया गया है, वे एकानामिकली अनफिट हो गई हैं और उनको भिन्न भिन्न कारणों से छोड़ दिया गया है । लेकिन वहां बहुत बड़े पैमाने पर इल्लीगल माईनिंग होती है । कोल इंडिया यह कहकर छूट जाता है कि हमने इस माइन को बंद कर दिया है । वहां पर मजदूर काम करते हैं । दो साल पहले गिरीडेह के अंदर एक भयंकर दुर्घटना हो गई थी । मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि जहां अबेंडंड माइंस हैं वहां पर उनके साथ कुछ माइंस काम कर रहीं हैं, वर्किंग माइंस है, उनको उस माइन से होकर जाना पड़ता है । वहां पर सैक्युरिटी स्टाफ रहता है । मैं चाहता हूं कि जो एबेंडंड माइंस हैं उनको सील कर दिया जाना चाहिए । नहीं, तो ये जो इल्लीगल माइन होती हैं एक ट्रक की जगह पर 100 ट्रक इनके नाम पर दिखाते हैं । यह एक बहुत बड़ा भयंकर चोरी का कांड चल रहा है जो आज इल्लीगल माइंस के कारण हो रहा है । ये अबैंडंड माइंस जैसे खास जागेश्वर है, पिपराडीह है वे सब अबैंडंड पड़ी हैं । मैं चाहूंगा कि सरकार को इस ओर कदम उठाकर इनके बारे में कोई उपाय करना चाहिए और तभी भ्रष्टाचार की ये सारी चीजें जो वहां व्याप्त हैं वे दूर हो सकती हैं ।

एक और चीज की ओर मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि हर अच्छाई के साथ साथ कोई न कोई समस्या खड़ी हो जाती है । हमारे यहां कोयले का उत्पादन बढ़ा है यह स्वागत योग्य बात है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH KUMAR SAHU): Please conclude.

श्री अश्विनी कुमार :

I will conclude in one and a half minute.

जब कोयले का उत्पादन बढ़ा है तो पिट हैड स्टाफ भी जो 1982-83 में 21 मिलियन टन था वह आज लगभग 30 मिलियन टन हो गया है । जिस क्षेत्र का मैं आपसे वर्णन करना चाहता हूं उस रामगढ़ हजारीबाग क्षेत्र में राजरप्पा, कुंडी, नार्थ करमपुरा, डकरा ये सब माइंस हैं जहां पर 2 लाख, 3 लाख, 4 लाख टन का स्टाक भरा हुआ है और यहां पर 30-40, 50-50 फीट की हिप्स हैं जिनमें आग लगने की संभावना होती है । गर्मियों के दिनों इनमें आग लग जाती है और भयंकर बरबादी होती है । एक विचित्र समस्या है और दूसरी की समस्या पिट हैंड कोल की है । अब आप कहेंगे कि यह रेल का मामला है । रेल विभाग कहेगा कि यह कोल विभाग का है और कोल विभाग कहेगा कि यह पावर का है । मेरा इतना ही निवेदन है कि सारे विभाग केन्द्रीय सरकार के हैं और एक दूसरे पर दोषारोपण करने से काम नहीं चलेगा । इनको मिला कर

[श्री अश्विनी कुमार]

के सब को एक करने का प्रयास करें। मैं एक छोटा सा उदारण देना चाहता हूं। पिट हैड स्टाक के अन्दर बोकारो स्टील पलांट में जो उसको 25 हटार टन प्रति मास कोयला उठाना है वह नही उठा रहे हैं। 40 हजार टन उठाना है, यह दोनों पब्लिक सेक्टर में हैं और आप के विभाग के नीचे हैं। सारी जो गड़बड़ हो रही है इसको मंत्री जी ठीक करें। अंत में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे पूर्व वक्ता कल्पनाथ भाई ने नये क्षेत्र की ओर ध्यान आकर्षित किया है जो थर्मल पावर और वे कोयले की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का ही नहीं भारत का हृदय स्थान है। मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश तीनों के बीच में है। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि कल्पनाथ भाई यह सारा उत्तर प्रदेश में हजम न करें, कुछ बिहार और मध्य प्रदेश के लिए भी छोड़ दें। वहां लगभग 14 हजार मैगावाट बिल बिजली का उत्पादन अगले 10 साल में होना है। मैं नहीं जानता कि मंत्री महोदय वहां गये हैं या नहीं परन्तु यह केन्द्र स्थान है। यहां यातायात की कोई सुविधा नहीं है। रेल से आप जाइये रेणुकूट जाने में 18 घंटे लगते हैं और इससे आगे जाने में कितना समय लगेगा। वायुदूत या प्लेन की कोई सुविधा नहीं है। सड़कें ऐसी हैं कि यदि आप बनारस से शक्तिनगर पहुंचते 6 घंटे से कम नहीं लगेंगे। (व्यवधान) मेरा सुझाव पहले से केन्द्रीय सरकार के पास लिखित रूप में है कि इलाहाबाद से रेणुकूट की सड़क बन जानी चाहिये जिससे डिस्टेंस कम हो जाएगा। लोगों ने वर्क आउट कर के दिया है कि अगर यह सड़क बनती है तो इसके ऊपर जितना खर्च होगा उतनी बचत एक वर्ष में हो ही जाएगी। मैं ध्यान दिलाना चाहता हूं कि कोयला देश का एक अत्यंत महत्वपूर्ण ऊर्जा का साधन है। इस माध्यम से मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि यह जो कुछ चीजें छूट रही हैं जिनकी ओर आपका ध्यान नहीं गया है मंत्री महोदय इन पर ध्यान दें। इतना कह कर मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

[The Vice-Chairman (Shri Pawan Kumar Bansal) in the Chair]

SHRI RAMESHWAR THAKUR (Bihar): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support the Coal Mines (Conservation and Development) Amendment Bill, 1984. Conservation and development of coal mines is very important for the nation. Coal is one of the most important non-renewable natural resource and is the primary source of energy in our country. Coal being the main source of energy has the highest forward linkage effect with steel, cement, fertilizer, electric power and a number of other industries.

In view of the importance of coal mines in national economy and its conservation and development, Government took over the management of cooking coal mines in October 1971 and nationalised the industry and established the Coal Mines Authority in 1973 and established Coal India Ltd. in 1975. The development and conservation of coal mines on proper lines is in the larger interest of the nation and, therefore, the Coal Mines (Conservation and Development) Act of 1974 was enacted by Parliament. Sub section (2) of Section 4 of the said Act gives certain powers to the Government to realise from the owner, agent or manager of a coal mine certain duties and taxes for conservation and development of coal, particularly for the purpose of conservation of coal and for development of coal mines including stowing for safety or prevention of any factor which may adversely affect the conservation of coal or development of coal mines and washing of coal with a view to beneficiating and reducing the ash contents of coal. These powers were exercised under Rule 6 of the Coal Mines (Conservation and Development) Rules, 1975. As per the suggestions and recommendations of the Committee of Subordinate Legislation, this is being incorporated as a part of the Act.

And I welcome these amendments in support of the Bill.

